अटल जी भारतीय राजनीति के अपराजेय योद्धा और सभी के चहेते अजातशत्रु व्यक्तित्व- डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी|

आज दिनांक 25 दिसंबर 2021 को माननीय स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिन पर लखनऊ से माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण हेतु टेबलेट वितरण योजना के अंतर्गत लखनऊ से प्रसारित कार्यक्रम को विद्यालय के छात्रों द्वारा देखा गया l इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने माननीय अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिन मनाते हुए कविता पाठ भी प्रस्तुत किया l कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी जी ,डॉ आदित्य ,कार्यक्रम के संयोजक डॉ संजय विश्वकर्मा ,श्री राजेंद्र बाबू पांडे श्री पवन सक्सेना , आकाश चौधरी ,अनिल कुमार, सुबोध शुक्ला कोमल सिंह, राज कुमार आदि उपस्थित रहेl सभी ने लखनऊ से प्रसारित कार्यक्रम को पूर्ण रूप से देखा तथा सरकार की लैपटॉप वितरण योजना का स्वागत किया l एवं संगोष्ठी सभागार में देश के दसवें पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की सत्तानवें वीं जयंती कार्यक्रम की श्रृंखला में बृहद कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी ने की। सर्वप्रथम पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी, मुख्य अनुशासन अधिकारी डॉ अशोक कुमार पांडेय ,कीट विज्ञान विभाग के डॉ देव नारायण सिंह , शस्यविज्ञान विभाग के डॉ एम पी सिंह सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम के संयोजक एवम संचालक डॉ डी0 जे0 मिश्र ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए माल्यार्पण किया ।

प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी जी ने अपने उदबोधन में छात्रों को बताया कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म 25 दिसंबर 1924 को पैतृक गांव बटेश्वर,आगरा में हुआ तथा प्रारंभिक शिक्षा ग्वालियर तथा उच्च शिक्षा कानपुर नगर में हुई । यह तीन बार भारत के प्रधानमंत्री हुए ।वाजपेयी जी प्रखर वक्ता ,सरल हृदय कवि, लोकप्रिय राजनेता थे, अटल जी का व्यक्तित्व हर व्यक्ति के जीवन को सीख देने वाला है, वह सदैव भारतीय राजनीति के अजातशत्रु बनकर रहे। डॉ एम 0 पी0 सिंह ने वाजपेयी द्वारा स्वर्णिम चतुर्भुज सड़क योजना,कारगिल युद्ध विजय ,पोखरण परमाणु विस्फोट आदि सैकड़ों महत्वपूर्ण कार्य किये। डॉ अशोक कुमार पांडेय ने छात्रों को बताया कि श्री वाजपेयी का राजनीतिक सफर बड़ा सरल और निर्विवाद रहा और राष्ट्रीय पटल पर विशेष उपलब्धियां देने के कारण इनको 1992 में पदम विभूषण व् 2015 में भारतरत्न पुरस्कार के द्वारा सम्मानित किया गया।वाजपेयी जी ने देश के नेतृत्व को युगधर्म व् राजधर्म की दीक्षा दी,डॉ. डी एन सिंह ने अटल जी की कविताओं का वाचन किया।

इस अवसर पर प्राध्यापकगण डॉ अशोक कुमार पांडेय,डॉ. एम पी सिंह, डॉ डी एन सिंह, अश्वनी कुमार मिश्र एवं एकता शर्मा, हर्ष शर्मा आदि छात्र छात्राओं ने भी अपने विचार व्यक्त किये । इस कार्यक्रम के अवसर पर जनता कालेज बकेवर परिवार के डा 0 ज्योति भदौरिया,डा0 प्रकाश दुबे,डा0 योगेश शुक्ल,डा0 ललित गुप्ता,डा0 अभिषेक सिंह, डॉ संजीव कुमार, डॉ संजय विश्वकर्मा, अश्वनी कुमार मिश्र, अजित अग्निहोत्री,कुलदीप अवस्थी, अरविंद चौधरी ,डा0 अत्रि गुप्ता,डा0 विकास अग्निहोत्री,सुबोध शुक्ला, आकाश चौधरी, अनिल कुमार आदि कार्यकारी सदस्यों एवम् प्राध्यापक गणों की उपस्थिति सहित राम खिलाड़ी , नेहा चौहान ,एकता शर्मा , अपूर्वा दीक्षित ,विभा,सौम्या,दीक्षा सहित लगभग तीन सैकड़ा छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग करके अपना विशेष सहयोग एवम् उपस्थिति दर्ज कराई।

भारत रत्न
श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी
जयन्ती समारोह
जनता कालेज, बकेवर (इटावा)
जनता कालेज बकेवर
स्वतंत्रता
अमृत महोत्सव
सांस्कृतिक कार्यक्रम

AGARWAL